राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

## राज्यपाल श्री बागडे के समक्ष किया लोक कला का प्रदर्शन

## राज्यपाल से नाक से अलगोजा बजाने वाले कलाकार श्री रामनाथ चौधरी ने मुलाकात की

जयपुर, 1 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राजभवन में सुप्रसिद्ध अलगोजा वादक श्री रामनाथ चौधरी ने मुलाकात की। श्री रामनाथ चौधरी ने नाक से अलगोजा बजाने की राजस्थान की दुर्लभ लोक कला को सुदूर देशों तक पहुंचाया है।

राज्यपाल श्री बागडे को उन्होंने नाक से अलगोजा में राजस्थान की लोकधुनें भी सुनाई। राज्यपाल ने उनकी इस विशिष्ट कला की सराहना करते हुए लोक संगीत की उनकी साधना को महत्वपूर्ण बताया और उन्हें शुभकामनाएं दी। श्री चौधरी की लोक कला को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स एवं इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।

———

## राज्यपाल ने डॉक्टर दिवस की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी


## 'राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस' पर राज्यपाल श्री बागडे को ''कुछ जिंदगी से कुछ जहान से'' पुस्तक भेंट

जयपुर, 1 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने 'नेशनल डॉक्टर्स डे' पर देशभर के चिकित्सकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र सेवा कार्य है। 'डॉक्टर्स डे' पर मंगलवार को राजभवन में उनसे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अशोक गोयल एवं डॉ. सुनीता गुप्ता ने मुलाकात कर इस अवसर पर अपनी लिखी चिकित्सकों के लिए प्रेरणा भाव लिए प्रकाशित पुस्तक ''कुछ जिंदगी से कुछ जहान से'' की प्रति भेंट की।

राज्यपाल श्री बागडे ने ''कुछ जिंदगी से कुछ जहान से''की पुस्तक में संकलित सामग्री की सराहना की। उन्होंने दोनों ही चिकित्सक लेखकों को सुंदर प्रकाशित पुस्तक के लिए शुभकामनाएं दी और विश्वास जताया कि पुस्तक पाठकों को सकारात्मक दृष्टि देने के लिए उपयोगी होगी।

लेखक, चिकित्सक डॉ. अशोक गोयल ने बताया कि ''कुछ जिंदगी से कुछ जहान से'' पुस्तक जीवन से जुड़े अनुभवों, चिकित्सक रहते जो कुछ सीखा–समझा है, उसका अनुभव संसार है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक कार्य से आने वाले नकारात्मक विचारों और  तनाव से दूर कर इसमें जीवन को सकारात्मक ढंग से जीने के सूत्र एकत्र किए गए हैं। पुस्तक में रोचक उद्धरणों के माध्यम से पाठकों को प्रेरित करने का प्रयास किया गया है।

———


कुछ जिन्दगी से..
कुछ जहान से..

